ओ३म्
कृण्वन्तो विश्वमार्यम्
साप्ताहिक
# आर्य सन्देश
दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा का मुख पत्र

महर्षि दयानन्द सरस्वती

वर्ष 42, अंक 21, एक प्रति : 5 रु०
सोमवार 15 अप्रैल 2019 से रविवार 21 अप्रैल 2019
विक्रमी सम्वत् 2076 सृष्टि सम्वत् 1960853120
दयानन्दाब्द : 195 वार्षिक शुल्क : 250 रुपये पृष्ठ 8
फैक्स : 23365959 ई-मेल : aryasabha@yahoo.com
इंटरनेट पर पढ़ें - www.thearyasamaj.org/aryasandesh

26 मार्च 2019 तालकटोरा स्टेडियम में पद्माभिषेक महोत्सव के विहंगम दृश्य

## पद्मभूषण महाशय धर्मपाल जी का 96वां जन्मोत्सव मनाया-पद्माभिषेक महोत्सव के रूप में



पद्माभिषेक महोत्सव के अवसर पर प्रसन्नचित्त मुद्रा में
**पद्मभूषण महाशय धर्मपाल जी**

आर्य नेता, आर्य संन्यासी एवं राजनेता महाशय जी का पद्माभिषेक कर आशीर्वाद लेते हुए








## महाशय जी के पद्माभिषेक महोत्सव पर शुभकामनाएं देने हेतु उमड़ा जनसैलाब



# पद्मभूषण महाशय धर्मपाल जी
# के 96वें जन्मोत्सव का संक्षिप्त वर्णन एवं झलकियां

हमारी वैदिक संस्कृति में जन्मदिन मनाने की परंपरा अति प्राचीन है। सामान्यजन अपना जन्मदिन अपने घर आंगन में अपने स्वजनों के बीच मनाते हैं। इससे आगे अगर कोई व्यक्ति थोड़ा सामाजिक है तो वह अपनी लोकप्रियता के हिसाब से अपने मोहल्ले वालों के साथ, या कोई थोड़ा और प्रसिद्ध है तो अपने नगर और प्रांत के स्तर पर जन्मोत्सव मनाता है। लेकिन एक सुखद स्थिति ऐसी भी होती है जब कोई साधारण-सा दिखने वाला महान आत्मा इन सभी सीमाओं को तोड़कर एक महानायक के रूप में लाखों दिलों पर अपने शुभकर्मों के कारण पूरी तरह से छा जाता है, फिर ऐसी महान विभूति का पावन जन्मोत्सव पूरे देश और दुनिया में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। महाशय धर्मपाल जी एक ऐसे ही महामना हैं। आपके 96वें जन्मोत्सव को पद्माभिषेक महोत्सव के रूप में दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, आर्य केंद्रीय सभा, एम-डी-एच परिवार एवं समस्त आर्य संस्थाओं ने तालकटोरा इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली के विशाल प्रांगण में पूरे विधि-विधान से भव्य विशाल रूप से मनाया।




## महाशय जी के पद्माभिषेक का सामगान से हुआ शुभारंभ

कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने सस्वर वेद पाठ से मंगलाचरण करते हुए महाशय जी के सुखद, सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर मंत्रों की मधुर ध्वनियों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा। स्वस्तिवाचन, श्रद्धा सूक्त तथा संगठन सूक्त के मंत्रों का अपने कोकिला कंठ से सामूहिक गान करते हुए गुरुकुल की तपस्वी कन्याओं ने एक अदभुत तरंग उत्पन्न की, जिसने सभी को झूमने पर विवश कर दिया। मंत्रों की इन सात्विक तरंगों पर महाशय जी भी हाथ और अंगुलियां हिलाते हुए नजर आए।





## इलैक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से हजारों लोगों ने दी शुभकामनाएं

आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए हजारों लोगों ने इलैक्ट्रानिक माध्यमों से महाशय जी को जन्मदिन की बधाइयां प्रदान की, जिनमें ईमेल, व्याटसैप मैसेज, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्वीटर, टैक्स्ट मैसेज और फोन द्वारा बधाईयां देने वालों का ताता लगा रहा। ग्रीटिंग कार्ड भी भेजे गए।





## आर्य प्रतिनिधि सभाओं ने महाशय जी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

भारत की 22 आर्य प्रतिनिधि सभाओं के अधिकारी, कार्यकर्त्ता, महानुभाव महाशय जी को उनके 96वें जन्मोत्सव की बधाई देने हेतु दिल्ली पधारे। सभी आर्य नेताओं का महाशय जी की और से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी ने महाशय जी को अपनी-अपनी सभाओं की ओर से पद्माभिषेक महोत्सव की बधाइयां दी। विशेष रूप से आर्य प्रतिनिधि सभा अमेरिका से विश्रुत आर्य जी, आस्ट्रेलिया से योगेश आर्य जी, हालैंड से श्री बीरे जी से, मारीशस से और अन्य कई देशों से आर्य प्रतिनिधि सभाओं के अधिकारियों ने महाशय जी को जन्मदिन की बधाइ देते हुए उनके दीर्घ स्वस्थ जीवन की कामना की।



## कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखकर करोड़ों लोग बने पद्माभिषेक के साक्षी

महाशय जी के जन्मोत्सव-पद्माभिषेक महोत्सव की कवरेज के लिए महाशय धर्मपाल आर्य मीडिया सैंटर दो सप्ताहपूर्व ही सक्रिय हो गया था। मीडिया सैंटर ने युट्यूब, फेसबुक के माध्यम से जन्मदिन की बधाइयां एवं महाशय जी के सेवा कार्यों की डॉक्यूमैंटरी फिल्में बनाना शुरू कर दिया था, जिसे 26 मार्च को हजारों लोग देखकर अभिभूत हो गए। इसके साथ-साथ 26 मार्च के आयोजन का पारस एवं सारथी चैनल पर लाइव टेलीकास्ट किया गया, जिसे देखकर करोड़ों लोग महाशय जी के 96 जन्मोत्सव-पद्माभिषेक महोत्सव के साक्षी बन गए।



## आर्य सभाओं के अधिकारियों ने किया पद्माभिषेक

महाशय जी के पद्माभिषेक का शुभारंभ सार्वदेशिक सभा के प्रधान श्री सुरेश चंद्र आर्य जी एवं महामंत्री श्री प्रकाश आर्य जी ने शाल एवं पुष्पमाल से अभिषेक कर किया। दिल्ली सभा की ओर से सभा के प्रधान श्री धर्मपाल आर्य जी एवं आर्य केंद्रीय सभा के महामंत्री श्री सतीश चड्डा जी ने महाशय जी का अभिनंदन कर पद्माभिषेक किया।



## ढोल-ताशों एवं आतिशबाजी से हुआ महाशय जी का स्वागत

96 वर्षीय महाशय जी जब मंच पर उपस्थित हुए तो मंच का नजारा देखने लायक था। ढोल-ताशों की गड़गड़ाहट और करतल ध्वनि के बीच रोशनी बिखेरती हुई आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र सिद्ध हो रही थी। दोनों हाथ जोड़े हुए महाशय जी समस्त उपस्थित महानुभावों को नमन करते हुए मंच पर शोभायमान हुए। सभी ने महाशय जी का अभिनंदन किया और जयघोष लगाए।





शेष पृष्ठ संख्या 8 पर

# अपने 96 वें जन्मोत्सव पर सपरिवार यज्ञ में आहुति देते हुए पद्मभूषण महाशय धर्मपाल जी

महाशय जी एक यज्ञीय पुरुष है। आपके द्वारा मानव सेवा एवं धर्म के परोपकारी कार्य पूर्णरूपेण यज्ञमय हैं। आपने दीन-दुखियों के आंसू अपनी कोमल अंगुलियों से स्वयं पोंछे हैं। आपने अनेक लोगों को रोजगार देकर जीवन जीने की कला सिखाई है। सेवा-साधना के क्षेत्र में सैकड़ों नव कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज चहुं दिशाओं में आपके यज्ञमय स्वरूप का यशोगान गाया जाता है। महाशय जी के जन्मदिन पर विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में कन्या गुरुकुलों की विदुषी आचार्याओं ने पूरे विधि विधान से जन्मदिन का यज्ञ कराया। श्री अंकित उपाध्याय जी ने मधुर भजनों से उपस्थित विशाल जनसमूह को भावविभोर कर दिया। जीवेम शरद:शतम् आदि बधाई गीतों से वातावरण मधुरिम हो उठा।





यज्ञ ब्रह्मा के रूप में कन्या गुरुकुलों की विदुषी आचार्याएं मंत्र पाठ करते हुए



पुष्पवर्षा द्वारा महाशय जी के सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना करते हुए आर्य नर-नारी एवं संन्यासीवृंद

## महाशय जी को बधाई देकर आशीर्वाद लेते हुए आर्य नेतागण एवं विभिन्न आर्य संस्थाओं के अधिकारी, कार्यकर्त्ता एवं सदस्य




अपनी पुत्रवधु ज्योति जी के साथ मंच पर विराजमान पद्मभूषण महाशय धर्मपाल जी

26 मार्च 2019 का प्रभात अति विशेष सुखद एवं आनंद से भरपूर था। प्रात: काल 8:30 बजे से ही महाशय जी को उनके 96वें जन्मोत्सव पर बधाई देने के लिए हर आयु वर्ग के लोग तालकटोरा स्टेडियम में आना प्रारंभ हो गए थे, जिनमें आर्यजगत के मूर्धन्य संन्यासीवृंद, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अधिकारी, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, आर्य केंद्रीय सभा, एम.डी.एच. परिवार के साथ-साथ वरिष्ठ विशिष्ट नागरिक, आर्यनेता, राजनेता, धार्मिक संगठनों के संचालक, विद्वत् जन, आर्य समाजों के अधिकारी, सदस्य, कार्यकर्त्ता, धर्माचार्य, पुरोहितगण, गुरुकुल एवं कन्या गुरुकुलों के छात्र-छात्राएं तथा आचार्यगण एवं तपस्वी विदुषी आचार्याएं, स्कूलों के होनहार बच्चे, अध्यापक-अध्यापिकाएं हजारों की संख्या में उपस्थित थे।



आर्य प्रतिनिधि सभाओं के सम्मानित अधिकारीगण




आर्य जगत के मूर्धन्य संन्यासीगण



आर्य कन्या गुरूकुलों की विदुषी आचार्याएं



सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अधिकारीगण



आर्य केंद्रीय सभा के अधिकारीगण



दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के अधिकारीगण



एम.डी.एच. परिवार- अधिकारी एवं कार्यकर्त्ता



आर्य केंद्रीय सभा के अधिकारीगण



आर्य प्रतिनिधि सभा गुजरात के अधिकारीगण



आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के अधिकारीगण



आर्य समाज के सम्मानित अधिकारीगण



लघु आकार में प्रकाशित वेदों का विमोचन करते हुए महाशय धर्मपाल जी

## महाशय जी के भावपूर्ण अमृत वचनों से भावविभोर एवं प्रेरित हुआ उपस्थित जन समुदाय

श्री राजीव गुलाटी जी के साथ मंच पर शोभायमान महाशय जी ने सभी आगुंतक महानुभावों का धन्यवाद करते हुए अपनी वाणी से अमृत वचनों का उच्चारण करते हुए कहा कि जब आप इतने सारे लोग मुझे जन्मदिन की शुभकामनाएं इतने प्रेम से दे रहे हो तो मेरी आयु लगातार बढ़ती ही जाएगी। मेरे जीवन का लक्ष्य और उद्देश्य मानव सेवा है। जिसे मैं निरंतर करता ही जाऊंगा। आप सभी ने मुझे बहुत प्रेम दिया है, आप सभी बहुत प्यारी आत्माएं हैं, नेक इंसान हैं, आप सुखी रहें, सारे विश्व में शांति हो, प्रेम हो और सबका कल्याण हो। आप सभी का दिल से धन्यवाद।


अपने सुपुत्र श्री राजीव गुलाटी जी के साथ अमृत वचन प्रस्तुत करते पद्मभूषण महाशय धर्मपाल जी


स्वामी सुमेधानंद जी


श्री मनीष सिसोदिया जी


श्री सुभाष आर्य जी


स्वामी धर्मेश्वरानंद जी


श्री योगानंद शास्त्री जी


श्री अशोक आर्य जी


आर्य अनाथालय पाटोदी हॉऊस के अधिकारी



कन्या गुरुकुल नरेला के अधिकारीगण


सिख समुदाय के आधिकारी गण


आर्य वीरांगना दल, दिल्ली प्रदेश



आर्य वीरदल, दिल्ली प्रदेश

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अदभुत मनोहारी प्रस्तुतियों को देखकर झूम उठा उपस्थित जनसमुदाय

महाशय जी के पद्माभिषेक महोत्सव में विभिन्न आर्य विद्यालयों, एम.डी.एच. स्कूलों एवं गुरुकुलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित जनसमूह झूम उठा, जिनमें "हैपी बर्थडे" का गीत संगीत बड़ा मनोहारी था। "महाशय कैसे बने महाशय" की नाटिका के बीच-बीच में ओम् की महिमा के भजन और जीवन संदेश सबके मन को भाए। "महाशय जी जियो हजारो साल" तथा पंजाबी गानों पर नृत्य आदि का कार्यक्रम अदभुत प्रशंसनीय था। महाशय जी के जीवन पर आधारित नाटिका किस तरह से सियालकोट में जन्म लेकर भारत में तांगा चलाकर जीवन की नई शुरूआत करके मसालों की दुनिया के शहंशाह बने। महाशय जी के जीवन का वर्णन अदभुत रोमांचकारी प्रेरणाप्रद सिद्ध हुआ। एम.डी.एच. कंपनी के ऊपर दर्शाए गए संगीत को सुनकर महाशय जी स्वयं थिरकने लगे और उन्होंने सुंदर डांस कर सबके मन को मोह लिया।



वाद्यमंत्रों का वादन



महाशय जी कैसे बने महाशय नाटिका



प्रेरक प्रस्तुति



कुर्सी पर बैठे-बैठे-थिरकते महाशय जी



अपने डुप्लीकेट महाशय के साथ थिरकते महाशय जी



श्री राजीव गुलाटी जी के संग खुशियां प्रकट करते महाशय जी




सांस्कृतिक कार्यक्रम



सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति




नाटक का भावपूर्ण दृश्य




विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अदभुत प्रस्तुति



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रेरणाप्रद प्रस्तुति

# महाशय जी के पद्माभिषेक महोत्सव के अवसर पर सम्मानित महानुभावों के संक्षिप्त उद्बोधन

## आर्ष गुरुकुलों के उत्थान हेतु सहयोग की विशेष व्यवस्था बनाने के विचार की शीघ्र पूर्ण होने की आशा



**महामहिम गंगा प्रसाद जी**
राज्यपाल सिक्किम

महाशय जी को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि महाशय जी का जीवन युवाओं के लिए परम प्रेरणा का आधार है। हमने महाशय जी की जीवनी स्कूलों के कोर्स में सम्मिलित की है, जिससे बच्चों को जीवन जीने की कला प्राप्त हो और वे सफलता की बुलंदियों को छुएं। महाशय जी को सरकार की ओर से जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



**श्री सुरेशचंद्र आर्य जी**
प्रधान सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा

महाशय जी के द्वारा संचालित शिक्षा, चिकित्सा, सेवा, साधना के सैकड़ों कार्य गतिशील हैं। आपके द्वारा आर्य समाज के सेवाकार्यों में सहयोग अतुलनीय है। अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2018 की सफलता में आपका योगदान अत्यंत प्रशंसनीय है। आप आर्यजगत के भामाशाह हैं। आपके सुदीर्घ-स्वस्थ जीवन की हम मंगलकामना करते हैं।



**श्री धर्मपाल आर्य जी**
प्रधान, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा

महाशय जी का प्रेरक जीवन मानव मात्र के लिए अनुकरणीय है।आपने अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा में अनेकानेक अवरोधों को पार करते हुए सफलताओं की बुलंदियों को छुआ है। इसके साथ साथ आपने मानव सेवा के इतने बड़े बड़े कीर्तिमान बनाए हैं कि जिनसे आने वाली पीढ़ियां लंबे समय तक प्रेरणा लेती रहेंगी। आपको आपके पावन जन्मोत्सव की लाख लाख बधाई और उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद।



**श्री प्रकाश आर्य जी**
महामंत्री सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा

सार्वदेशिक सभा के महामंत्री श्री प्रकाश आर्य जी ने महाशय जी को 96वें जन्मोत्सव की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि महाशय जी के लिए 100 वर्ष की आयु की कामना उचित नहीं क्योंकि शतक तो वे लगाने ही वाले हैं। 100 वर्ष से भी ज्यादा वे सुखी निरोग जीवन जीएं ऐसी हमारी प्रभु से प्रार्थना है। । हम शतक से आगे की कामना करते हैं।



**स्वामी सुमेधानंद जी**
सांसद, सीकर, राजस्थान

महाशय जी का स्वस्थ जीवन मानवमात्र के लिए प्रेरणाप्रद है। 96 वर्ष की अवस्था में भी आप एक नियमित आदर्श जीवन यापन कर रहे हैं। ईश्वर से हम प्रार्थना करते हैं कि आप दीर्घ आयु हों और समाज की इसी तरह से लगातार सेवा करते रहें।



**स्वामी धर्मानंद जी**

96 वर्षीय महाशय जी आर्य जगत के कुबेरदानी हैं। सभी आर्य संस्थाओं को दिल खोल कर दान देते है। मैं समस्त आर्य संन्यासियों की ओर से महाशय जी को उनके जन्मोत्सव-पद्माभिषेक महोत्सव पर अपनी शुभकामनाएं अर्पित करता हूं और निवेदन करता हूं कि आर्ष गुरुकुलों को गति प्रदान करें। उन्हें बढ़ावा दें, आर्ष गुरुकुलों से ही आर्य समाज का भविष्य सुरक्षित होगा।



**स्वामी संपूर्णानंद जी**

96 वर्ष पूर्व सियालकोट में जन्मे महाशय धर्मपाल जी भारत के बंटवारे के बाद भारत में आए और यहां पर अपनी अथक मेहनत से सफलता की बुलंदियों को छुआ जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार ने महाशय जी को पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया। मैं महाशय जी को उनके जन्म दिवस पर शुभकामनाएं देता हूं। सुखद, सफल, सुदीर्घ जीवन की शुभकामनाएं देता हूं।



**श्री मनीष सिसोदिया जी**
उप मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार

महाशय जी का जीवन युवाओं के लिए परम प्रेरणा का आधार है। हमने महाशय जी की जीवनी स्कूलों के कोर्स में सम्मिलित की है जिससे बच्चों को जीवन जीने की कला प्राप्त हो और वे सफलता की बुलंदियों को छुएं। महाशय जी को दिल्ली सरकार की ओर से जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



साप्ताहिक आर्य सन्देश
सोमवार 15 अप्रैल, 2019 से रविवार 21 अप्रैल, 2019
दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, 15-हनुमान् रोड, नई दिल्ली-110001

दिल्ली पोस्टल रजि.नं0 डी.एल.(एन.डी.)-11/6071/2018-19-2020
नई दिल्ली पी.एस.ओ. में पोस्ट करने का दिनांक 18/19 अप्रैल, 2019
पूर्व भुगतान किए बिना भेजने का लाइसेन्स नं. यू. (सी.) 139/2018-19-2020
आर. एन. नं. 32387/77 प्रकाशन तिथि: बुधवार 17 अप्रैल, 2019

प्रतिष्ठा में,

पृष्ठ संख्या 2 का शेष भाग

## विशेष रूप से सजाया गया था तालकटोरा स्टेडियम

महाशय जी के जन्मोत्सव की तैयारियां महीनों पूर्व ही प्रारंभ हो गई थीं। भारत के 70वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2019 को भारत सरकार द्वारा जब महाशय जी को पद्मभूषण सम्मान देने की घोषणा की गई तो इन तैयारियों में और भी चार चांद लगाने की योजना सुनिश्चित हो गई। 16 मार्च 2019 को भारत के महामहिम राष्ट्रपति जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की उपस्थिति में महाशय जी को पद्मभूषण से अलंकृत किया जिससे संपूर्ण आर्यजगत एवं एम.डी.एच. परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। 26 मार्च 2019 को महाशय जी के पद्माभिषेक महोत्सव हेतु तालकटोरा इंडोर स्टेडियम को विशेष रूप से सजाया गया। महाशय जी के पद्माभिषेक महोत्सव का संदेश देता प्रवेश द्वार जिस पर दोनों तरफ महाशय जी के प्रेरक चित्र तथा ऊपर 96वां जन्मोत्सव पद्माभिषेक महोत्सव में स्वागत सूचक शब्द अति सुंदर लग रहे थे। चारों तरफ ओम् ध्वज लहरा रहे थे। स्टेडियम के प्रवेश द्वारों पर चहुं और सुंदर गेट बनाए गए थे। महाशय जी के द्वारा संचालित सेवा कार्यों की प्रदर्शनी मानवमात्र को सेवा साधना से जुड़ने की प्रेरणा दे रही थी। स्टेडियम के अंदर का दृश्य तो अत्यंत मनोहारी था। चारों दिशाओं में पद्माभिषेक महोत्सव के होर्डिंग्स ऊंचे स्थानों पर लगे हुए थे। स्क्रीन की सुंदर व्यवस्था से सभी सरलता से कार्यक्रम को देख रहे थे। मंच की शोभा बहुत मनमोहक थी। मंच का डिजिटल बैकड्राफ्ट अदुभत एवं अनुपम था, जिस पर बीच-बीच में महाशय जी के सेवा कार्यों तथा प्रेरक संस्मरणों की डॉक्यूमैंट्री संगीत चलाई जा रही थी। महाशय जी के माता-पिता के चित्र तथा उनके मनोहारी चित्रों के साथ-साथ पद्माभिषेक महोत्सव के शब्द सबको आकर्षित कर रहे थे।







## कन्या गुरुकुल की आचार्याओं द्वारा शुभकामनाएं और उनका किया गया सम्मान

इस अवसर पर दर्जन भर कन्या गुरुकुलों की तपस्वी आचार्याएं उपस्थित थीं, जिनमें आचार्या सूर्यदेवी जी, आचार्या सुमेधा जी, आचार्या अन्नपूर्णा जी, आचार्या प्रगति जी, आचार्या सावित्री जी, आचार्या गायत्री जी, आचार्या पवित्रा जी, आचार्या सुकामा जी, आचार्या सुरभि जी, आचार्या दयंति जी, आचार्या रूचि जी, आचार्या विद्यावति जी, आचार्या राजबाला जी, आचार्या





रश्मि जी, आचार्या प्रभा जी, आचार्या दर्शना जी, आचार्या कल्पना जी, आचार्या अमिता जी, आचार्या नंदिता जी, आचार्या जाह्नवी जी बैंगलोर, आचार्या धारणा जी, आचार्या सविता जी आदि ने महाशय जी को अपनी शुभकामनाएं देकर आशीर्वाद लिया। महाशय जी की ओर से उनकी पुत्रियां श्रीमती किरण जी, श्रीमती प्रतिभा जी एवं पुत्रवधु श्रीमती ज्योति जी ने सभी गुरुकुल की आचार्याओं का अभिनंदन किया। श्री राजीव गुलाटी जी ने सभी को सम्मान राशि भेंट की।




दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के लिए मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक श्री धर्मपाल आर्य द्वारा हरिहर प्रेस, ए-29/2, नरायणा औद्यो. क्षेत्र-1, नई दिल्ली-28 से मुद्रित एवं दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, 15-हनुमान रोड, नई दिल्ली-1; फोन : 23360150; 23365959; E-mail : aryasabha@yahoo.com; Web : www.thearyasamaj.org से प्रकाशित
सम्पादक : धर्मपाल आर्य, सह सम्पादक : विनय आर्य, व्यवस्थापक : शिवकुमार मदान, सह व्यवस्थापक : आर्य डॉ. ओमप्रकाश भटनागर, एस. पी. सिंह